विकास

बोले- सड़कों से होकर निकलता है विकास का रास्ता, 17 से 53 फीट चौड़ी हुई सड़कें

# 68 साल पुराना शास्त्री ब्रिज बनेगा फोर लेन : मंत्री सिंह



**जबलपुर।** विकास का रास्ता सड़क से ही होकर निकलता है। बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, व्यापार व हर क्षेत्र की प्रगति अच्छी सड़कों पर निर्भर करती है। कुछ वर्ष पहले यह सड़क केवल 17 फीट चौड़ी थी, इसे अब 53 फीट तक विस्तारित किया गया है। निर्माण कार्यों के दौरान लोगों को असुविधा जरूर हुई, लेकिन ये भविष्य की खुशहाली का आधार बनेगी। 68 वर्ष पुराना शास्त्री ब्रिज आने वाले समय में नए स्वरुप लेगा और इसकी लम्बाई बढ़ने के साथ ही इसे फोर लेन बनाया जायेगा, और इसके नए निर्माण के साथ ही जबलपुर शहर के यातायात को गति मिलेगी, इससे क्षेत्र की तस्वीर और व्यापार दोनों बदलेंगे।

यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शास्त्री ब्रिज के निरिक्षण के दौरान कही। श्री सिंह ने कहा वर्तमान शास्त्री ब्रिज लगभग 65 वर्ष पुराना चिनाई (मेसनरी) पुल है। इसकी कैरिजवे की चौड़ाई 10 मीटर तथा दोनों ओर 1.5-1.5 मीटर चौड़े फुटपाथ सहित कुल चौड़ाई 13 मीटर है।, नई दिल्ली एवं नागपुर (कंसल्टेंट) द्वारा किए गए संरचनात्मक मूल्यांकन में पुल के पुनर्निर्माण की अनुशंसा की गई है। उन्होंने बताया प्रस्तावित योजना के अनुसार शास्त्री ब्रिज का पुनर्निर्माण 16.40 मीटर चौड़े 4-लेन आधुनिक पुल के रूप में किया जाएगा। रविवार को उन्होंने गढ़ा स्थित पंडा की मढ़िया से आनंद कुंज तिराहे तक 497.33 लाख रुपए की लागत से निर्मित 850 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण भी किया।

### बड़ी परियोजनाएं जबलपुर को देंगी नई पहचान

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि जबलपुर तेजी से आधुनिक शहर के रूप में विकसित हो रहा है। शहर में हुए फ्लाईओवर, आईटी पार्क, एयरपोर्ट विस्तार जैसे बड़ी परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 118 किलोमीटर लंबी रिंग रोड, नए फ्लाईओवर और रेल ओव्हर ब्रिज और नर्मदा घाटों का विकास जैसी बड़ी परियोजनाएं जबलपुर को नई पहचान देंगी।

### आईटीआई से चुंगी चौकी तक बनने वाले फ्लाई ओवर का किया निरीक्षण

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों के साथ आईटीआई से चुंगी चौकी तक बनने वाले फ्लाई ओवर का निरिक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहाँ पर वर्तमान में बनी हुई बड़ी रोटरी को छोटा कर एवं जंक्शन इंप्रूवमेंट के कार्य, फ्री लेफ्ट टर्न, सर्विस रोड का समावेश करते हुए आई आर सी सुरक्षा मानकों के सुरक्षा मनको के अनुरूप सुधार किया जाएगा। आई एस बी टी चौराहे की यातायात क्षमता लगभग 60 प्रतिशत तक की वृद्धि की जा सकती है। तकनीकी विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में आई एस बी टी चौराहे पर फ्लाईओवर निर्माण की आवश्यकता नहीं है। माढ़ोताल तिराहे जंक्शन पर पर्याप्त भूमि की चौड़ाई नहीं होने के कारण यहां एलिवेटेड फ्लाईओवर प्रस्तावित किया गया है। जो आई टी आई के पास से प्रारंभ होकर इसकी एक भुजा पाटन रोड एवं दूसरी भुजा दमोह रोड को जोड़ेगी। इस फ्लाईओवर की लंबाई लगभग 1 किलोमीटर होगी। कुशल, सुचारू एवं सुरक्षित यातायात संचालन के लिए एलिवेटेड लेवल तथा जंक्शन इंप्रूवमेंट दोनों पर रोटरी अरेंजमेंट विकसित किया जाएगा।

### 194 में से 73 काम पूरे, शेष प्रगति पर

मंत्री सिंह ने व्यापारियों से सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि व्यवस्थित बाजार से ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी और व्यापार को भी गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि पश्चिम विधानसभा में 194 विकास कार्यों में से 73 कार्य पूरे हो चुके हैं तथा शेष प्रगति में हैं।

# थाने के सामने खुद पर डीजल डाल लगाई आग

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती, हालत नाजुक, जांच में जुटी पुलिस





**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाने के ठीक सामने रविवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्रभात नगर निवासी पूनाराम नोनिया (55) ने आत्महत्या के इरादे से खुद पर डीजल छिड़ककर आग लगा ली।

घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया और गंभीर अवस्था में उसे तुरंत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका इलाज जारी है। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार पूनाराम नोनिया 55 वर्ष निवासी प्रभात नगर का मदर टेरेसा नगर में एक दुकान में खाली तेल के डब्बे खरीदने, बेचने का काम करता था। रविवार को माढ़ोताल थाने के सामने बनी राजेन्द्र राजपूत की चाय की दुकान पर गया जहां वे काफी देर तक बैठा रहा। इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे वहां से उठने के बाद सीधे थाने के सामने सड़क पर आया कोई कुछ समझ पाता इसके पहले ही उसने स्वयं के ऊपर डीजल छिड़कर खुद को आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह शरीर में लगी आग को बुझाया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई इसके बाद उसे आनन-फानन में तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसे भर्ती कर लिया गया।

### सुनवाई नहीं होने से था नाराज, हत्याकांड का भी रह चुका आरोपी

बताया जाता है कि क्षेत्र में यह चर्चा रही कि खौफनाक आत्मघाती कदम उठाने वाला किसी मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से लंबे समय से असंतुष्ट और नाराज चल रहा था। थाने के चक्कर काट कर थक चुका था जिसके चलते उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया था। जबकि टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार का दावा है कि उसके परिजनों के बयान दर्ज किए गए है लेकिन अब तक कोई विवाद सामने नहीं आया है। न ही उसने कभी थाने में कभी कोई शिकायत, एफआईआर की थी और न ही कोई आवेदन दिया है वे नशे में था। उसने यह कदम किन कारण से उठाया इसका पता उसके बयान दर्ज होने के बाद चल सकेगा। विदित हो कि पूनाराम 2001 में हुए नन्ने नोनिया हत्याकांड में आरोपी रह चुका है। 2025 में उसका पारिवारिक विवाद भी सामने आया था जो थाने तक पहुंचा था।

### 45 प्रतिशत झुलसा

पूनाराम नोनिया करीब 45 प्रतिशत झुलस गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल घायल बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उसने किन परिस्थितियों में यह आत्मघाती कदम उठाया इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि बयान, जांच के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

### इनका कहना है

युवक ने थाने के सामने पहुँचकर खुद पर डीजल छिड़ककर अचानक आग लगा ली। उसने यह आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया इसका कारण अभी तक सामने नहीं आ पाया है जांच जारी है बयान दर्ज होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**बी. एस. गोठरिया**
**माढ़ोताल सीएसपी**

# फुल्की खाने का कहकर घर से निकली छात्रा का अपहरण

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत सुहागी से एक 14 वर्षीय किशोरी का संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण कर लिया गया। छात्रा घर से फुल्की खाने का कहकर निकली थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा दोपहर करीब 12 बजे घर से यह कहकर निकली थी कि वह फुल्की खाने जा रही है। लेकिन वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी। मां ने बेटी के मोबाइल पर कॉल किया तो फोन लगातार बंद आ रहा था। चिंतित परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाके में काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो परिजनों ने अधारताल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। साथ ही आशंका जाहिर की कोई अज्ञात बहला-फुसालकर उनकी बेटी का अपहरण कर ले गया है।

### सिविल लाइन से किशोरी लापता

सिविल लाइन थाना अंतर्गत छुईखदान के पास रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। पहले तो परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो वे थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

# छठवां राज्य वित्त आयोग 9 को जबलपुर आयेगा

**जबलपुर।** छठवां राज्य वित्त आयोग 9 जुलाई को जबलपुर प्रवास पर रहेगा। आयोग की जबलपुर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। कार्यक्रम के अनुसार छठवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की उपस्थिति में आयोग की 9 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सर्किट हाउस में जबलपुर जिले के मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण, महापौर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ बैठक होगी। बैठक में नगरीय एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति पर सुझाव और चर्चा की जाएगी। आयोग की दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संभागीय कार्यालय में जबलपुर संभाग के सभी कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त, नगर पालिका एवं नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इस बैठक के बाद आयोग द्वारा किसी प्रकल्प का निरीक्षण भी किया जायेगा।






# हफ्ता नहीं देने पर किराना दुकान पर फेंका बम, कट्टा ताना

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गांधी चौक स्थित एक किराना दुकान पर बदमाशों ने सरेराह कट्टा तानते हुए 5,000 साप्ताहिक हफ्ता मांगा और न देने पर दुकान के शटर पर सुअरमार बम फेंककर दहशत फैला दी। धमाके की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, रविदास नगर रांझी निवासी अनिल श्रीपाल (42) गांधीचौक पर श्रीपाल किराना एवं जनरल स्टोर चलाते हैं। शनिवार रात करीब 10:15 बजे अनिल अपने छोटे भाई संजय श्रीपाल के साथ दुकान पर काम समेट रहे थे। इसी दौरान तालाब मानेगांव के दो शातिर बदमाश, मोनू शुक्ला और विवेक कोल, दुकान पर आ धमके। आरोपी मोनू शुक्ला के हाथ में कट्टा था। उसने अनिल पर कट्टा तानते हुए चिल्लाकर कहा मैं यहाँ का गुंडा हूँ। अगर यहाँ किराना दुकान चलानी है, तो हर हफ्ते 5 हजार रुपये हफ्ता देना पड़ेगा, नहीं तो जान से खत्म कर दूँगा। जब दुकानदार अनिल श्रीपाल ने बदमाशों को हफ्ता देने से साफ मना कर दिया, तो दोनों भाईयों को धमकाते हुए वहां से निकल गए। लेकिन कुछ ही देर बाद दोनों बदमाश दोबारा आए और दुकान के शटर को निशाना बनाकर एक के बाद एक सुअरमार बम फेंक दिए। बम जोरदार आवाज के साथ फटे, जिससे पूरी दुकान हिल गई और आसपास के लोग सहम गए। भागते-भागते भी बदमाशों ने धमकी दी कि अगर हफ्ता नहीं मिला, तो अगली बार जान से मार देंगे।

















# गुजरात से बेटी की अस्थियां लेकर पहुंची मां ने दामाद पर लगाया ट्रेन के आगे धकेलने का आरोप

**जबलपुर।** गुजरात से बेटी की अस्थियां लेकर जबलपुर पहुंची मां ने सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दामाद पर बेटी को ट्रेन के आगे धकेलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। साथ ही न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पौड़ा निवासी पिंकी नामदेव का विवाह 2014 में कटनी में रहने वाले महेंद्र नामदेव से हुआ था। शादी के बाद उनके दो बच्चे हुए। परिवार 2018 में गुजरात के वलसाड चला गया था। 30 जून को ट्रेन से कटकर पिंकी की मौत हो गई। बेटी की अस्थियां लेकर जबलपुर पहुंची मृतिका की मां लक्ष्मी नामदेव ने आरोप लगाया कि गुजरात के वलसाड में उनके दामाद ने बेटी को ट्रेन के सामने धक्का देकर मार डाला है। आरोप लगाया कि गुजरात जाने के बाद दामाद को शराब की लत लग गई थी वे पिंकी के साथ आए दिन मारपीट करता था। पति से अलग एक किराए के मकान में रहने लगी थी और एक कंपनी में काम भी करती थी। 30 जून की शाम जब पिंकी ड्यूटी खत्म कर कंपनी से बाहर निकली वहां महेंद्र मिला। उसने पिंकी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद उसे रेलवे ट्रैक की तरफ ले गया जहां ट्रेन के सामने उसे धक्का देकर मार डाला। उसने सोची-समझी साजिश के तहत हत्या की है। मौत की सूचना पर परिजन पहुंचे जहां 2 जुलाई को वलसाड में पिंकी का अंतिम संस्कार हुआ था। इसके बाद मां अस्थियां लेकर जबलपुर आ गई और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद खारी घाट में अस्थि विसर्जन किया गया। जबलपुर पुलिस अब गुजरात पुलिस से संपर्क कर आगे की जांच करेंगी।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57